Dated 22.4.2022

**Press Release**

**********

**रेलटेल को ओडिशा सरकार से पुराने और जीवनकाल पूरा कर चुके उपस्करों के प्रतिस्थापन, सैकेन्ड्री बैंडविड्थ के प्रावधान, और पांच वर्ष के लिए ओडिशा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (OSWAN) के अनुरक्षण के साथ, अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर डिफाइंड वाइड एरिया नेटवर्क (SDWAN) प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए मौजूदा ओडिशा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (OSWAN) के अपग्रेडेशन के लिए एक 122.08 करोड़ रुपए का आर्डर प्राप्त किया है।**

**ओडिशा सरकार की वर्तमान अपग्रेडेशन परियोजना उनकी विभिन्न ई-गवर्नेंस पहलों के लिए अवसंरचना को मजबूती प्रदान करेगी: श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल**

*****

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, जो रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक "मिनी रत्न" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, ने ओडिशा सरकार से पुराने और जीवनकाल पूरा कर चुके उपस्करों के प्रतिस्थापन, सैकेन्ड्री बैंडविड्थ के प्रावधान, और पांच वर्ष के लिए ओडिशा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (OSWAN) के अनुरक्षण के साथ, अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर डिफाइंड वाइड एरिया नेटवर्क (SDWAN) प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए मौजूदा ओडिशा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (OSWAN) के अपग्रेडेशन के लिए एक 122.08 करोड़ रुपए का आर्डर प्राप्त किया है। यह आदेश इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी ( E & IT) विभाग, ओडिशा सरकार, जो राज्य सरकार में सभी आईटी गतिविधियां के लिए नोडल विभाग है, से प्राप्त किया गया है।

ओडिशा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (OSWAN) राज्य को एक आधार भूत सूचना प्रौद्योगिकी बैकबोन प्रदान करने के लिए एक बहुत ही महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उपयोग डेटा, वीडियो और वॉयस ट्रैफिक ले जाने मे किया जाता है ताकि, राज्य के भीतर अंतर / अंतः-विभागीय संचार और डेटा साझा करने की सुविधा मिल सके। ओस्वॉन का उद्देश्य भुवनेश्वर में राज्य मुख्यालय (SHQ) के सरकारी कार्यालयों, सभी जिला मुख्यालयों (DHQ), सभी ब्लॉक मुख्यालयों (BHQ) को एक दूसरे के साथ सक्षम जी2जी कार्यपद्धति के लिए जोड़ना है। इस नेटवर्क में कुल 345 कार्यालय हैं जिनमें 314 ब्लॉक मुख्यालय और 30 जिला मुख्यालय और राज्य मुख्यालय है। परियोजना ने सरकारी संस्थानों की निर्बाध कार्यपद्धति के लिए सुरक्षित और उच्च गति कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने वाला एक क्लोज़्ड यूज़र ग्रुप नेटवर्क बनाया है।

डेटा और वॉयस ट्रांसमिशन की नवीनतम प्रौद्योगिकी को पूर्ति करने के लिए मौजूदा ओस्वॉन का अपग्रेडेशन किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। बैंडविड्थ प्रावधान, आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन्नत भौतिक अवसंरचना और सिस्टम की बेहतर कार्यपद्धति और तत्पश्चात् सरकारी संस्थानों द्वारा सेवा डिलीवरी के मद्देनज़र इसके फायदों को समझा जा सकता है। नवीनतम एसडी-वॉन प्रौद्योगिकी के शीर्ष लाभ इसकी उच्च क्षमता बैंडविड्थ, केंद्रीकृत प्रबंधन, नेटवर्क विजिब्लिटी, बहुल कनेक्शन किस्मों, बेहतर सुरक्षा, बेहतर गति, लागत प्रभावशीलता और आप्टिमाईज्ड क्लाउड कनेक्टिविटी हैं।

ओडिशा सरकार जी2जी, जी2बी और जी2सी क्षेत्र में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और ई-गवर्नेंस एप्लिकेशन्स जैसे ओडिशा स्टेट डेटा सेंटर (OSDC), ओडिशा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (OSWAN), भारतनेट, मो सेबा केंद्र (MSK), ओडिशा वन, सर्विस प्लस, गोस्विफ्ट, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (BSKY), स्कूल ट्राँसफार्मेशन, आपदा प्रबंधन, स्मार्ट सिटी, राज्य

डैशबोर्ड, PAReSHRAM, फायर सर्विस ऑटोमेशन, राजस्व सेवाएं, परिवहन सेवाएं (DEESHA), आदि से संबंधित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है।

रेलटेल एक आईसीटी प्रदाता है और देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास रेलवे ट्रैक के साथ-साथ एक्सक्लूसिव राइट ऑफ वे (ROW) पर 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर का अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। यह ओएफसी नेटवर्क देश के महत्वपूर्ण कस्बों, शहरों और कई ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करता है।

इसके बारे में बात करते हुए, श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल ने कहा, "रेलटेल देश में डिजिटल ट्रॉंसफार्मेशन के मामले में सबसे अग्रणी है। ओडिशा सरकार की वर्तमान अपग्रेडेशन परियोजना उनकी विभिन्न ई-गवर्नेंस पहलों के लिए अवसंरचना को और मजबूती प्रदान करेगी। सॉफ्टवेयर डिफाइन्ड वाइड एरिया नेटवर्क मौजूदा लिगेसी WAN आर्किटेक्चर में एक तीव्रता का सृजन करेगा। SDWAN का कार्यान्वयन शाखाओं, डेटा केंद्रों और क्लाउड परिवेशों में कनेक्टिविटी को सरल बनाएगा, जो बेहतर सुरक्षा के लिए एप्लिकेशन ऑप्टिमाइज़ेशन, क्लाउड सिक्योरिटी फ़ायरवॉलिंग इंट्रूज़न सुरक्षा और URL फ़िल्टरिंग प्रदान करता है, और जिसे एक ही केंद्रीकृत स्थान से तैनात और मेन्टेन रखा जा सकता है।

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

For more details,
media.advisor@railtelindia.com